कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री चेतराम मीना पुत्र श्री गोलीराम मीना निवासी ग्राम पोस्ट नोरंगवाडा तहसील महवा जिला दौसा राजस्थान–321608

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/उपखंड अधिकारी महवा

अपील संख्या 75/2022

निर्णय

दिनांक 13.07.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखड अधिकारी महवा से संबंधित हैं। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2022/1388 दिनांक 14.06.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/ 2022/616 दिनांक 15.06.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी महवा से संबंधित होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (3) में स्थानान्तरित किया गया था। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी महवा को इस कार्यालय के पत्र कमांकः 1532 दिनांक 29.06.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी महवा द्वारा पत्र कमांकः निर्वाचन/आरटीआई/2022/245 दिनांक 28.06.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को वांछित सूचना दिनांक 28.06.2022 के द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आ[illegible] खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली [illegible]वष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:46:16 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)

जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा